भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 138
सोमवार, 29 नवम्बर, 2021/8 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

राजस्थान में पर्यटन को प्रोत्साहन

138. श्री बालक नाथ:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की राजस्थान में पर्यटन के विकास की अपार संभावनाओं को देखते हुए अलवर सहित वहां पर्यटन को बढ़ावा देने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय, राजस्थान में अलवर जिले सहित भारत का संवर्द्धन सम्रग रूप से करता है। अपनी चल रही गतिविधियों के भाग के रूप में यह आतिथ्य सहित घरेलू संवर्द्धन और प्रचार (डीपीपीएच) तथा बाजार विकास सहायता सहित विदेशों में संवर्धन और प्रचार (ओपीएमडी) की अपनी योजनाओं के माध्यम से 'अतुल्य भारत ब्रांड' लाइन के तहत देश के विभिन्न पर्यटक स्थलों और उत्पादों के संवर्द्धन के लिए महत्वपूर्ण और सम्भावित विदेशी बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलैक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। मंत्रालय की वेबसाइट (www.incredibleindia.org) और सोशल मीडिया अकाउन्टस के माध्यम से भी प्रचार किया जाता है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय राजस्थान सहित देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए, "स्वदेश दर्शन" और "तीर्थयात्रा जीर्णोंद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्द्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन'' -प्रसाद योजनाओं के तहत उनके परामर्श से राज्य सरकारों/केंद्र शासित क्षेत्र (यूटी) प्रशासन/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना के तहत राजस्थान राज्य सरकार को प्रदत्त वित्तीय सहायता और स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध I** में दिया गया है।

****

अनुबंध-I

राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 29.11.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 138 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण।**

राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वदेश दर्शन, प्रसाद योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा-

स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	**परिपथ का नाम**	**वर्ष**	**परियोजनाओं का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रुपये में)**
1	मरुस्थल परिपथ	2015-16	शाकम्भरी माता मंदिर का विकास, सांभर साल्ट परिसर, देवय़ानिकुंड, सर्मिष्ठ सरोवर नलियासर और अन्य गंतव्य।	50.01
2	कृष्णा परिपथ	2016-17	गोविंददेव जी मंदिर (जयपुर), खाटू श्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास	75.80
3	आध्यात्मिक परिपथ	2016-17	चूरू (सालासर बालाजी)-जयपुर (श्री समोदे बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - अलवर (पांडु पोल हनुमानजी, भर्तहरी) -विराटनगर (बीजक, जैनासिया, अंबिका मंदिर)-भरतपुर (कामन क्षेत्र)-धौलपुर (मुचकुंड)-मेहंदीपुरबालाजी-चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास	93.90
4	विरासत परिपथ	2017-18	राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (नाहरगढ़ किला)-अलवर (बालाकिला)-सवाईमाधोपुर (रणथंभौर किला और खंडार किला)-झालावाड़ (गागरोन किला)- चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) जैसलमेर (जैसलमेर किला) हनुमानगढ़ (कालीबंगा किला) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-नीलोफर और पुरानी छावनी)-नागौर मीराबाई स्मारक का विकास	72.49

प्रसाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र.सं.	**वर्ष**	**परियोजनाओं का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रुपये में)**
1	2015-16	पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास	32.64

****